राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 31 अक्टूबर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटेल चौक, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना नमन निवेदित किया।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उक्त राजकीय समारोह में माननीय केन्द्रीय कानून एवं न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिक सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग श्री नंद किशोर यादव, माननीय ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री श्रवण कुमार, माननीय उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, माननीय सांसद श्री रामकृपाल यादव, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधायक श्री संजीव चौरसिया सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, आयोगों/सामाजिक–राजनीतिक संगठनों/संस्थानों आदि के अध्यक्षों/सदस्यों/पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य जन आदि ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।

....